Regarding various railway related issues in Jammu Parliamentary Constituency-Laid

श्री जुगल किशोर (जम्मू) : मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के रेलवे से संबंधित लोगों की मांगें हैं जो निम्न प्रकार हैं :-

1. सांबा जिले के गुरहा सलाथिया गाँव में रेल ओवर ब्रिज के निर्माण की आधारशिला फरवरी, 2024 में रखी गई थी |

2. जम्मू जिले के चक लार्गन बजालता में रेल अंडर ब्रिज का निर्माण, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण, चक लार्गन बजालता क्षेत्र में डिग्री कॉलेज, होटल, शैक्षणिक संस्थानों का निर्माण कार्य चल रहा है, परिणामस्वरूप जाम की लंबी कतारें लग जाएँगी । इसके अलावा, रेल अंडरब्रिज से सटा मोड़ इतना संकरा है कि एक ही वाहन गुजर सकता है, इसे भी चौड़ा करने की आवश्यकता है |

3. सांबा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव - कोविड-19 से पहले जम्मू मेल, टाटा मूरी और सियालदाह एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें सांबा रेलवे स्टेशन पर रुकती थीं, लेकिन आज तक उनका ठहराव बहाल नहीं किया गया ।

4. जम्मू जिले के मनवाल रेलवे स्टेशन में फुटओवरब्रिज का निर्माण ।

5. मनवाल रेलवे स्टेशन पर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, जम्मू मेल और हेमकुंट एक्सप्रेस का ठहराव होना चाहिए ।

6. साम्बा जिले के राया सुचेनी गाँव में रेल ओवर ब्रिज का निर्माण ।